जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री विद्यालय कक्षा ४ (शीतकालीन अवकाश कार्य) सेट-अ

१. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए।

हमारे समय का सबसे क्रांतिकारी आविष्कार हैं मोबाइल । इस एक यंत्र (मशीन) ने हमारी दुनिया ही बदल दी हैं। बात करने के लिए बना यह मोबाइल अब हमारी ज़िंदगी की एक आवश्यकता बन गया हैं। कई बार तो ऐसा बात करने, सन्देश भेजने, खेल खेलने, जानकारी लेने, खरीदारी करने; यहाँ तक कि घर से कई किलोमीटर दूर होने पर भी घर के काम करने में मोबाइल का प्रयोग किया जा रहा हैं। इसके लाभ के साथ साथ नुकसान भी हैं। अब परिवार के सदस्य एक-दूसरे के आमने-सामने न बैठकर, मोबाइल पर ही बात कर रहे हैं। बच्चे तो इससे बुरी तरह से प्रभावित हैं। खेलना-कूदना छोड़कर मोबाइल पर व्यस्त रहने से वे मोटापा, अकेलापन तथा चश्मा लगने जैसी परेशानियों से जूझ रहे हैं। बेहतर यही हैं कि हम इसका प्रयोग सोच-समझकर करें ।

प्र०१. मोबाइल को क्रांतिकारी आविष्कार क्यों कहा गया हैं?

प्र०२. मोबाइल से क्या-क्या काम किए जा सकते हैं?

प्र०३. मोबाइल से बच्चों को कौन-कौन से नुकसान हो रहे हैं?

प्र०४ गद्यांश में से दो क्रिया शब्द छांटिए।

२. निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखो – कोमल, ऊंचाई, शक्तिशाली, अंधेरा, निश्चय, आशा, नकद

३. निम्न वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखो।

क. बुरे मार्ग पर चलने वाला, ख. देश की सेवा करने वाला,

ग. विश्वास करने योग्य, घ. सबसे ऊंचा, ङ. जल में रहने वाला,

च. जो अधिक बोलता हो

४. निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो- हाथी, समुद्र, शाम, स्त्री, सोना, हाथ, ईश्वर

५. निम्न मुहावरों का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

क. टांग अड़ाना, ख. मक्खियां मारना, ग. दाल में काला,

घ. लोहे के चने चबाना, ङ. कान भरना, च. टेढ़ी खीर

६. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखें।

क. मुझको पुस्तक पढनी है। ख. मेरे को अभी जाना है। ग. घोड़े तेज़ दौड़ता है।

घ. यहाँ बड़ा अँधेरा है। ङ. हम खेलता है।

७. काल के भेद का नाम लिखिए।

क. कल लड़के क्रिकेट खेलने आए थे। ख. पिताजी समाचार पत्र पढ़ रहे हैं।

ग. पहाड़ों पर बर्फ पड़ी थी। घ. किसान फसल काटेगा।

ङ. रेलगाड़ी जा चुकी थी।

८. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।

क. बालिका मधुर स्वर में गाना गाती है।, ख. राजा प्रजा को उपहार दे रहा।

ग. चिड़ा पेड़ पर बैठा है। घ. मोर बारिश में नाच रहा है।

ङ. शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहा है। च. यह डिब्बा नया है।

जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री विद्यालय कक्षा ४ (शीतकालीन अवकाश कार्य) सेट-ब

१. सर्दियों की छुट्टियों में आपने क्या-क्या किया अपनी सर्दी की छुट्टियों का कोई मजेदार अनुभव लिखिए ।

२. यदि आपको बोलने वाली किताब मिल जाए तो वो किन-किन कामों में आपकी मदद करेगी और क्या-क्या सिखाएगी।

३. यदि आपको किसी की मदद करने का मौका मिले तो आप उनकी मदद कैसे करेंगे बताइए।

४. निम्न शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करिए।

क राह, ख. शक्तिशाली, ग. अवस्था, घ. प्रसिद्ध, ड़. न्यायाधीश, च. शिखर, छ. परवाह

५. परीक्षा की तैयारी को लेकर अध्यापक और छात्र के बीच में संवाद लेखन लिखिए।

६ नीचे लिखी चीजों की विशेषता बताने वाले शब्द सोचकर लिखिए।

क. _______ हलवा ख. ______पेड़, ग. ______चींटी, घ. ________पत्थर, ड़. ______ कुर्ता

च. ______ चश्मा छ. ______ झंडा ज. ______ फूल झ. _______ टॉफी ञ. _____ अचार

७. नीचे दिये गये वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाओ।

क. आज हमने विद्यालय में नाटक देखा

ख. राम रोहित मोहित गोपाल और रोहन खेल रहे हैं

ग. अहा कितना सुन्दर मौसम है

घ. जो मेहनत करते हैं वे ही सफल होते हैं

ड़. तुम क्या पढ़ रहे हो

च. मैंने आज मटर आलू गाजर टमाटर गोभी और भिन्डी खरीदी



८. नीचे दिए गए चित्र को देखकर उस पर एक कहानी लिखिए।

नोट- दिया गया 'शीतकालीन अवकाश' कार्य एक पतली सी नोटबुक बनाकर उसमें लिखिए।